Navbharat

Pune - Sep 27, 2018

Page No: 4
Page Name: n.a.
Size: 283 sq. cm
AVE: INR 124,340

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 124,680
Frequency: Daily

News monitored for: Force Motors
Title: Puneri Paltan name Girish Ernak as captain for PKL season 6

पुणेरी पलटन के कप्तान एर्नाक

विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन-6

नई जर्सी का किया गया अनावरण

संवाददाता

पुणे. विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन-6 के लिए पुणेरी पलटन का कप्तान युवा तथा चुस्त खिलाडी गिरीश एर्नाक को बनाया गया है. गिरीश, सीजन 5 से पुणेरी पलटण के सदस्य हैं. टीम की जीत में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. कैलाश कांडपाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पुणेरी पलटण, तथा कप्तान गिरीश एर्नाक और मुख्य प्रशिक्षक अशन कुमार ने सीजन 6 के लिए टीम की जर्सी का अनावरण किया. इसी समय आकर्षक ऑडिया-वीडियो क्लिप दिखाया. फोर्स मोटर्स लि: तथा किर्लोस्कर ब्रदर्स लि के साथ, जिओमी इंडिया यह नया ब्रांड, स्मार्टफोन पार्टनर के रूप में टीम से जुड़ा.

■ पुणे में प्रेस सम्मेलन में इसकी घोषणा कैलाश कांडपाल ने की. प्रवीण कर्नावत, वरिष्ठ ऊपाध्यक्ष, कार्पिरेट मटेरियल, फोर्स मोटर्स तथा अनुराग वोरा, किर्लोस्कर ब्रदर्स के इंडिया बिजनेस हेड, इस अवसर पर खासतौर पर टीम को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे. कैलाश कांडपाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुणेरी पलटन, ने कहा कि कबड्डी जैसा मिट्टी में खेला जानेवाला खेल तथा पुणेरी पलटन पर विश्वास व्यक्त करनेवाले सभी प्रायोजकों का वे धन्यवाद करना चाहूंगा.

■ उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अपने कुशल नेतृत्व के आधार पर वह सीजन 6 मे टीम का प्रदर्शन उम्दा करेंगे. फोर्स मोटर्स लि, किर्लोस्कर ब्रदर्स लि तथा इक्विओ ने टीम का प्रायोजक बनकर सीजन 6 की उम्दा शुरुआत की है. जिओमी इंडिया इस वर्ष हमारे साथ हैं, जिसका हमे आनंद हैं. इन ब्रां की ओर से हमपर जो विश्वास दर्शाया गया है, उसके कारण टीम, खिलाडी तथा खेल बड़ा बना है. इन ब्रां का खेलों से संलग्नता के कारण इस खेल का मूल्य बढ गया है. इतना ही नहीं, पर अनेक उपक्रमों द्वारा खेलप्रेमियों को इन ब्रां के साथ जोड़नेवाला एक मंच उपलब्ध हुआ है.

■ हमारे चाहनेवालों का एक समूह बना है, जो हर सीजन के साथ बढता जा रहा है और उनका उत्साह तथा प्रेरणा टीम को हर सीजन में अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

■ पुणेरी पलटन के नवनियुक्त कप्तान एर्नाक ने कहा कि टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उनपर सौंपी गयी है. जिसके कारण वे अपने आपको सम्मानित महसूस करता हैं. वे जानता हूं कि यह सिर्फ एक सम्मान नही बल्की एक बडी जिम्मेदारी भी हैं.

■ व्यवस्थापन कि ओर से मुझ पर जो विश्वास दर्शाया है. उसके कारण वे कृतज्ञ हैं और पुणेरी सिंह की दहाड इस बार गूंजेगी. हमारे टीम के हर सदस्य के प्रशिक्षण तथा शक्तिवर्धन के लिए प्रयत्न जारी है. प्रशिक्षक अशन के मार्गदर्शन में इस सीजन में हम ट्रॉफी जीतेंगे, इस बात पर संदेह का कोई कारण नहीं है.

© Navbharat